आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 26 | अंक - 139 | उज्जैन, शुक्रवार 12 अप्रैल 2024 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# पूर्णिया से निर्दलीय कैंडिडेट पप्पू यादव के ऑफिस में पुलिस की रेड, कहा- जनता देगी जवाब

पटना। बिहार के पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के कार्यालय में पुलिस ने छापेमारी की है। पुलिस की कार्रवाई पर पप्पू यादव की ओर से भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि कितना नीचे गिरेगी सरकार, पूर्णिया के बेटे को और कितना परेशान करेगी? जनता जवाब देगी। अपने पोस्ट में पप्पू यादव ने आगे लिखा है कि बीजेपी-जदयू की सरकार का हार का डर अच्छा लगा! मुझे ड्ड श्रेणी की सुरक्षा देने के लिए इनके पास पुलिस बल नहीं है। छापा मारने सैकड़ों पुलिस



भेज दिया।

जानकारी के अनुसार पप्पू यादव के कार्यालय अर्जुन भवन पर सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस पहुंची। पुलिस ने वहां मौजूद प्रचार वाहनों के कागजातों की जांच की। एक प्रचार वाहन में कट-आउट समेत डीजे लगे रहने पर एसडीपीओ ने उनकी कागजात की मांग की गयी। इसके अलावा प्रचार के लिए तैयार कई अन्य वाहनों का अनुमति पत्र दिखाने को कहा गया। कार्यालय कर्मियों ने उन्हें अनुमति के लिए आवेदन काउंटर पर रिसिप्ट रहने की जानकारी दी।

इस संबंध में सदर एसडीपीओ ने कहा कि यह एक सामान्य जांच की प्रक्रिया थी। सारे वाहनों के कागजात ले लिए गए हैं। सिंगल विंडो में इससे संबंधित आवेदन पड़ा है या नहीं, इसकी जांच सदर अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम कराई जाएगी और फिर वरीय अधिकारी के स्तर से कोई कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि दंडाधिकारी की मौजूदगी में एक डीजे को जब्त किया गया है।

## फुल डिजिटल हैं CJI चंद्रचूड़, पेपर से बनाई दूरी; चैम्बर में ऐसे निपटाते हैं रोज के काम



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र की सियासी उथल-पुथल हो या समलैंगिक विवाह से जुड़ा मामला, ताबड़तोड़ फैसले देने वाले भारत के मुख्य न्यायाधीश CJI धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ को सुप्रीम कोर्ट के आसन पर नजर आते ही हैं। हर कोई ने उनके काम करने के तरीके को देखा है, लेकिन भारत के शीर्ष न्यायाधीश का दफ्तर कैसा और वह कैसे काम करते हैं, यह उत्सुकता बरकरार है।

सीजेआई डिजिटल वर्किंग के बड़े समर्थक हैं और इसका उदाहरण उनके दफ्तर में नजर आता है। एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीजेआई चंद्रचूड़ ने अपने दफ्तर को भी पेपरलैस बना रखा है। उनकी मेज के एक कोने में अन्य गैजेट्स के साथ डेस्कटॉप भी मौजूद है।

चैनल से बातचीत में उन्होंने बताया, हमारी सभी फाइल्स ई-फाइल्स हैं। लैपटॉप और कंप्यूटर का इस्तेमाल बेहद आसान है।

वह खुद ही अपने ई-मेल का जवाब देते हैं और केस फाइल्स पर काम करते हैं। खास बात है कि वह लैपटॉप की मदद से ही निर्देश जारी करते हैं। डीवाई चंद्रचूड़ देश के 50वें सीजेआई हैं।

सार्वजनिक मंचों पर कई बार सीजेआई चंद्रचूड़ को काम करने के डिजिटल तरीके का समर्थन करते देखा गया है।

## भारत-म्यांमार सीमा पर सुरक्षा होगी कड़ी, विदेश मंत्री जयशंकर ने कह दी बड़ी बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को आइजोल में भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवाजाही व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला किया है।

देश की सुरक्षा के लिए बरत रहे सावधानियां - पत्रकारों से बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि हमारे देश की सुरक्षा, मिजोरम सहित हमारे राज्यों की सुरक्षा के लिए हमें कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। हालांकि, फिलहाल हम जो सावधानियां बरत रहे हैं, वह एक निश्चित स्थिति के जवाब में है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा पड़ोसी अभी एक गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है।

2021 में हुआ था सैन्य तख्तापलट- मालूम हो कि म्यांमार में फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट हुआ था, तब से लेकर अब तक यह देश गंभीर संकट का सामना कर रहा है।

## सब्सिडी पर जमीन लेते हैं निजी अस्पताल, पर गरीबों के लिए बेड नहीं रखते; SC की सख्त टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार से सब्सिडी पर जमीन हासिल करके बनने वाले निजी अस्पतालों पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि ये अस्पताल सब्सिडी पर जमीन लेकर इमारत बना लेते हैं, लेकिन फिर गरीब तबके के लिए बेड रिजर्व करने के वादे पर अमल नहीं करते। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस प्रसन्ना बी. वाराले ने नेत्र रोगों के इलाज के लिए पूरे देश में एक समान दर तय किए जाने को चुनौती देने वाली अर्जी पर यह बात कही। अदालत ने कहा, इन सभी निजी अस्पतालों को जब सब्सिडी पर जमीन लेनी होती है तो कहते हैं कि हम कम से कम 25 फीसदी बेड गरीबों के लिए रिजर्व रखेंगे, लेकिन ऐसा कभी होता नहीं। ऐसा हमने कई बार देखा है।

दरअसल सरकार ने नेत्र रोगों के इलाज के लिए पूरे देश में एक समान दर तय करने का फैसला लिया है। ऑल इंडिया ऑप्थैलमोलॉजिकल सोसायटी की ओर से अदालत में याचिका दाखिल की गई है, जिसमें कहा गया है कि स्पेशलिस्ट्स के रेट एक समान नहीं हो सकते। सोसायटी ने कहा कि मेट्रो सिटीज और सुदूर गांवों में एक ही रेट नहीं हो सकता। सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और एडवोकेट बी. विजयलक्ष्मी ने सोसायटी का पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार का यह फैसला ठीक नहीं है। फीस में हर जगह एकरूपता ठीक नहीं है।

अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार की राय लेने के लिए नोटिस जारी किया है और अगली सुनवाई के लिए 17 अप्रैल की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले का व्यापक असर होगा।

## लोकसभा चुनाव से पहले मिजोरम पुलिस की बड़ी कार्रवाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरे देश में आचार सहिंता लागू हो गई है। इस बीच मिजोरम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर लगभग 6 करोड़ रुपये से अधिक की नशीली दवाएं और अवैध शराब जब्त की।

दरअसल, मिजरोम पुलिस ने राज्यभर में अवैध शराब और नशीली दवाओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाया था। इस मामले में 94 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

16 मार्च के बाद से की जा रही कार्रवाई- इस सिलसिले में मिजोरम पुलिस के सीपीआरओ नेहचुंगनुंगा ने एक प्रेस बयान में कहा कि मिजोरम पुलिस हर समय अवैध शराब और नशीली दवाओं के खिलाफ अभियान चलाती आ रही है। उन्होंने कहा कि 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से स्थानीय निर्मित शराब (एलएमएल), बाहर से मिजोरम में तस्करी की जा रही अवैध शराब और ड्रग्स की जब्ती की गई है, जो राज्य में शराब और ड्रग्स की उच्च मांग को दर्शाता है।

इतने अवैध शराब किए गए जब्त- शराब और नशीली दवाओं के उपयोग की जांच करने के लिए मिजोरम पुलिस द्वारा शुरू किए गए राज्यव्यापी अभियान के हिस्से के रूप में, रुपये मूल्य की 4773 लीटर से अधिक स्थानीय निर्मित शराब (एलएमएल) जब्त की गई। इसमें विदेशी शराब भी शामिल है, जिसका मूल्य 23 हजार से 49 हजार के बीच है।

## मारा गया आतंकवादी, पुलवामा में सुरक्षाबलों को सुबह-सुबह ही मिली सफलता



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच गुरुवार अल सुबह ही गोलीबारी शुरू हो गई। खबर है कि गोलीबारी के बीच एक दहशतगर्द मारा भी गया है। फिलहाल, इलाके तलाश जारी। जम्मू और कश्मीर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने घेराबंदी कर दी है। करीब एक सप्ताह पहले ही एक आतंकवादी को उरी में ढेर किया गया था।

खबर है कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ पुलवामा जिले के फ्रासिपोरा में मुरान इलाके में हुई। सुरक्षाबलों को यहां आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी।

# भारत-मालदीव में चल रही टेंशन, इस बीच पीएम मोदी ने मुइज्जू के लिए भेज दिया खास संदेश; क्या कहा?

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और मालदीव के बीच पिछले कई महीनों से तनाव जैसी स्थिति है। मोहम्मद मुइज्जू के मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद से ही भारत से द्वीप देश के रिश्ते खराब हुए हैं। वहां से भारतीय सैनिकों की भी वापसी हो रही है। दोनों देशों में टेंशन के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को खास संदेश भेजा है। पीएम मोदी ने मुइज्जू, सरकार और देशवासियों को ईद-उल-फितर की बधाई दी और दोनों देशों के बीच पुराने समय से चले आ रहे सांस्कृतिक व सभ्यतागत संबंधों का भी जिक्र भी किया।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम पारंपरिक उत्साह के साथ ईद-उल-फितर मना रहे हैं, ऐसे में दुनिया भर के लोग करुणा, भाईचारे और एकजुटता के उन मूल्यों को याद कर रहे हैं, जो एक शांतिपूर्ण व समावेशी दुनिया के निर्माण के लिए आवश्यक हैं, जिसकी हम सभी इच्छा रखते हैं। भारतीय उच्चायोग ने %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, ÷भारत के माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, सरकार और मालदीव गणराज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में पुराने समय से चले आ रहे भारत और मालदीव के साझा सांस्कृतिक व सभ्यतागत संबंधों पर भी प्रकाश डाला। चीन समर्थक नेता कहे जाने वाले मुइज्जू ने पिछले साल नवंबर में राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद कहा था कि वह भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने का अपना चुनावी वादा पूरा करेंगे। मुइज्जू की इस घोषणा के बाद भारत और मालदीव के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

पिछले दिनों भारत ने चालू वित्त वर्ष के दौरान मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं का आटा, चीनी और दाल जैसी कुछ वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध हटा दिया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत मालदीव को इन वस्तुओं के निर्यात की अनुमति दी गई है। डीजीएफटी ने कहा, मालदीव को अंडे, आलू, प्याज, चावल, गेहूं का आटा, चीनी, दाल, बजरी और नदी की रेत के निर्यात की अनुमति दी गई है... मालदीव को इन वस्तुओं के निर्यात को किसी भी मौजूदा या भावी प्रतिबंधों से छूट दी जाएगी।

# पाकिस्तान के टूटने की क्यों होने लगी चर्चा, इमरान खान ने फिर जताया 1971 वाली ढाका ट्रेजेडी का डर



नई दिल्ली (एजेंसी)। क्या पाकिस्तान फिर से 1971 की तरह टूटने की कगार पर है, जब पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बन गया था? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व पीएम और वर्तमान में नेता विपक्ष इमरान खान ने कुछ ऐसा ही दावा किया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान के जो मौजूदा हालात हैं, उस स्थिति में देश एक बार फिर से ध्वस्त होने के कगार पर जा रहा है।

उन्होंने कहा कि 1971 का ढाका संकट ऐसे ही आया था। इमरान खान ने कहा कि आज पाकिस्तान के जो हालात हैं, उसमें कभी भी आर्थिक बर्बादी हो सकती है। उन्होंने देश की सरकार और संस्थानों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी देश की स्थिरता के लिए जरूरी है अर्थव्यवस्था मजबूत हो।

अदियाला जेल में इमरान खान से मुलाकात के बाद पीटीआई के नेताओं ने उनका संदेश मीडिया से बातचीत में जारी किया। उन्होंने कहा कि इमरान खान पाकिस्तान और उसके लोगों के लिए चिंतित हैं। इमरान खान ने हमसे कहा कि आज देश गहरे संकट में है और इसके चलते 1971 की ढाका ट्रेजेडी जैसी स्थिति बन सकती है। पीटीआई के नेता सलमान अकरम राजा, शोएब शाहीन और इंतजार पंजुठा ने इमरान का संदेश पढ़ते हुए कहा, आप जब जनता को अधिकार नहीं देते हैं तो अर्थव्यवस्था ग्रोथ नहीं करती। 1970 में सेना प्रमुख याहया खान चाहते थे कि किसी को सत्ता न मिले। लेकिन जब शेख मुजीबुर रहमान की पार्टी को बहुमत मिला तो सेना ने धोखाधड़ी वाला उपचुनाव करा दिया।

## पेट दर्द का इलाज करवाने अस्पताल पहुंची महिला, डॉक्टरों ने ब्लड कैंसर बताकर कर दी कीमोथेरेपी; ऐसे सामने आया सच



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के टेक्सास में दो बच्चों की मां को अस्पताल की भारी गलती के कारण असहनीय पीड़ा से गुजरना पड़ा। अस्पताल वालों ने महिला को ब्लड कैंसर बताकर उसकी कीमोथैरेपी कर दी। महिला को बताया कि उसके पास सिर्फ 15 महीने का वक्त बचा है। हालांकि जब अस्पताल को मालूम हुआ कि महिला को कभी कैंसर था ही नहीं, उन्होंने महिला से माफी मांगी और उसे डिस्चार्ज कर दिया। महिला पेट दर्द का इलाज कराने अस्पताल पहुंची थी।

न्यूयॉर्क पोस्ट के अनुसार, दो बच्चों की मां लिसा मोंक को पेट दर्द की शिकायत हुई थी। जिसके बाद में उन्हें संदेह था कि उनके गुर्दे पर पथरी हो सकती है। तमाम टेस्ट में जांच में यह सामने आ गया कि महिला को पथरी ही है लेकिन, डॉक्टरों को जांच के बाद एक और बात पता लगी कि महिला ब्लड कैंसर के शुरुआती चरण में है। जब महिला को यह बात बताई गई तो उनके पैरों चले जमीन खिसक गई।

महिला के बयान के हवाले से अखबार ने रिपोर्ट में बताया कि मोंक काफी डर गई थी। उसने अपने दोनों बच्चों को अपनी बीमारी के बारे में बताया। महिला बताती है कि उसे बताया गया कि उसके पास जिंदा बचने के सिर्फ 15 बचे हैं। इसलिए उसने हार मानने के बजाय लड़ने का फैसला लिया। महिला की दो बार कीमोथेरेपी की गई।

महिला के अनुसार, उसे मार्च 2023 में कीमोथेरेपी के पहले चरण का सामना करना पड़ा। इस दौरान उसके शरीर में कई बदलाव आए। पहले सिर के सारे बाल साफ हो गए। उल्टियां होने लगी। शरीर काफी कमजोर हो गया। महिला की त्वचा काफी सफेद और सूख गई। महिला के अनुसार, जब अप्रैल महीने में उसे दूसरी बार कीमोथेरेपी से पहले जांच से गुजरना पड़ा तो रिपोर्ट में चौंकाने वाले परिणाम सामने आए। अस्पताल के अधिकारियों को मालूम हुआ कि उसे कभी कैंसर था ही नहीं।

### गोलीबारी, मानसिक तनाव... अमेरिका में इस वजह से बढ़ रहे भारतीय छात्रों की मौत के मामले



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में हाल के महीनों में भारतीय छात्रों की मौतों पर देश के प्रमुख प्रवासी संगठन ने चिंता जताई। इसके साथ ही संगठन ने भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर अमेरिकी सरकार व अधिकारियों से और अधिक गंभीरता बरतने का आह्वान किया। बता दें कि इस वर्ष अब तक 11 भारतीय छात्रों की अमेरिका में मौत हो चुकी है।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में रूस की बड़ी उपलब्धि, लॉन्च किया अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट; इसका वजन जानकर रह जाएंगे हैरान





नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस ने गुरुवार को पहली बार अपने अंगारा-ए5 अंतरिक्ष रॉकेट का परीक्षण किया। यह टेस्ट लॉन्च सुदूर पूर्व में वोस्तोचन कोस्मोड्रोम से किया गया। इससे पहले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन अंगारा रॉकेट के दो प्रक्षेपण अंतिम समय में रद्द कर दिए गए थे। दरअसल, दबाव प्रणाली में खराबी और इंजन प्रक्षेपण-नियंत्रण प्रणाली में समस्या होने के कारण रॉकेट टेस्ट लॉन्च को रद्द कर दिया गया था।

हालांकि, यह रूस का तीसरा परीक्षण जो सफल हुआ। रूसी अंतरिक्ष अधिकारियों के लिए आज यानी 11 अप्रैल का दिन भाग्यशाली रहा। परीक्षण से पहले रूस ने अपना कॉस्मोनॉट दिवस मनाया। दरअसल, 63 साल पहले सोवियत संघ के यूरी गगारिन बाहरी अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। इसी दिन को कॉस्मोनॉट दिवस कहा जाता है।

रॉकेट लॉन्च करने वाले मिशन नियंत्रण ने बताया कि जैसे ही रॉकेट अंतरिक्ष में उड़ा, मिनटों में 25,000 किलोमीटर (15,500 मील) प्रति घंटे से अधिक तक आसमान की ऊंचाई में पहुंच गया था। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी, रोस्कोस्मोस ने बताया कि रॉकेट ने सामान्य रूप से काम किया। बता दें कि 54.5 मीटर (178.81 फुट) का तीन चरणों वाला रॉकेट, जिसका वजन लगभग 773 टन है, लगभग 24.5 टन वजन अंतरिक्ष में ले जा सकता है।

## प्रॉपर्टी टाइकून पर 12 अरब डॉलर के गबन का आरोप, मिल सकती है मौत की सजा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कई महीनों से वियतनाम में सबसे बड़े धोखेधारी मामले पर सुनवाई चल रही थी। इस मामले में जो मुख्य आरोपी हैं वह एक महिला है जो वर्तमान में वियतनाम की बड़ी प्रॉपर्टी टाइकून मानी जाती है। जिनपर 12.5 अरब डॉलर के गबन का आरोप है। इस मामले में मुख्य आरोपी को मौत की सजा का सामना करना पड़ सकता है। प्रमुख डेवलपर वान थिन्ह फाट के अध्यक्ष ट्रूओंग माय लैन पर एक दशक से अधिक समय तक नकदी की हेराफेरी करने का आरोप है। ट्रूओंग माय लैन और 85 अन्य लोगों को दक्षिणी बिजनेस हब हो ची मिन्ह सिटी में पांच सप्ताह की सुनवाई के बाद फैसले और सजा का सामना करना पड़ेगा।

ट्रूओंग माय लैन ने सभी आरोपों से किया इनकार- ट्रूओंग माय लैन पर लगे आरोपों में रिश्वतखोरी, सत्ता का दुरुपयोग, विनियोजन और बैंकिंग कानून का उल्लंघन शामिल है। वहीं, लैन ने आरोपों से इनकार किया है और अधीनस्थों को दोषी ठहराया है। अभियोजकों ने लैन को मौत की सजा देने की मांग की है, जो ऐसे मामले में असामान्य रूप से कड़ी सजा है।

इस घोटाले में लगभग 42 हजार पीड़ित शामिल-लैन और 85 अन्य लोगों को एक राष्ट्रीय भ्रष्टाचार कार्रवाई के हिस्से के रूप में गिरफ्तार किया गया था। लैन ने पिछले सप्ताह अदालत में अंतिम टिप्पणी में कहा था कि उसके मन में आत्महत्या के विचार आ रहे हैं। पुलिस ने इस घोटाले के लगभग 42,000 पीड़ितों की पहचान की है।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुआ बड़ा सड़क हादसा, बस के खाई में गिरने से 17 तीर्थयात्रियों की मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों के एक सीमावर्ती शहर के पास तीर्थयात्रियों से भरी एक बस गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 38 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

तीर्थयात्री बलूचिस्तान के खुजदार जिले में सुदूर मुस्लिम सूफी दरगाह शाह नूरानी जा रहे थे, तभी बुधवार को हब शहर में उनकी बस खाई में गिर गई। जिस जगह पर हादसा हुआ, वह कराची से करीब 100 किलोमीटर दूर है। सभी यात्री सिंध प्रांत के थट्टा शहर के रहने वाले थे।

गृह मंत्री ने हादसे पर जताया शोक- गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने घटना पर संवेदना व्यक्त की और कहा कि ऐसा लगता है कि चालक ने एक मोड़ पर नियंत्रण खो दिया जिससे बस खाई में जा गिरी। नकवी ने कहा, वाहन ईद के दिन दोपहर करीब दो बजे थट्टा से निकला और ईद के दिन (बुधवार) रात करीब आठ बजे दुर्घटना का शिकार हो गया।

घायलों को कराची के सिविल अस्पताल में कराया गया भर्ती - हब में एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा कि मृतकों और घायलों को कराची के सिविल अस्पताल ले जाया गया।

## इजरायल से दुश्मनी के बीच ईरान बना रहा परमाणु बम, इतना यूरेनियम जमा किया; हफ्तेभर में बना लेगा 3 एटम बम



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल से चल रही हालिया दुश्मनी के बीच ऐसी रिपोर्ट है कि ईरान परमाणु बम बनाने के बहुत करीब है।अमेरिकी अखबार ने यह दावा करके टेंशन पैदा कर दी है। ऐसा भी पता लगा है कि ईरान ने भारी मात्रा में यूरेनियम जमा कर दिया है, इतना कि वह हफ्तेभर में ही तीन एटम बना सकता है। ईरान सिर्फ परमाणु हथियार ही नहीं अपने कुछ हथियारों को यूरेनियम की मदद से अपग्रेड भी कर रहा है। ईरान को लेकर इस तरह के दावों ने दुनिया को नए युद्ध के खतरे में डाल दिया है।

अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को अधिकारियों के हवाले से खुलासा किया कि ईरान परमाणु हथियार क्षमता के करीब पहुंच रहा है और तेहरान ने तेजी से बहुत संख्या में यूरेनियम भी जमा कर दिया है।

परमाणु बम बनाने में यूरेनियम की काफी जरूरत होती है। उधर, ईरान ने हालांकि कहा कि उसकी परमाणु बम बनाने की कोई योजना नहीं है। यह जरूर स्वीकार किया कि उसने यूरेनियम भारी संख्या में जमा जरूर किया है।

ईरान का परमाणु बम जल्द बनाने की खबरों ने अमेरिका और इजरायल दोनों को टेंशन में ला दिया है। दरअसल, हाल ही में इजरायली बलों ने लेबनान में ईरानी दूतावास पर हमला किया था। लेबनान में इजरायल की एयर स्ट्राइक हिजबुल्ला आतंकी संगठन के खिलाफ थी। हिजबुल्ला को ईरान का समर्थन हासिल है और आतंकी संगठन की लेबनान की सत्ता में भागीदारी भी है। खुद पर हुए हमले के जवाब में ईरान बौखला गया था। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने इजरायल को धमकी दी थी कि वह इस हमले का जवाब जरूर देगा। ईरान ने दो टूक शब्दों में कहा था कि ईरान का कोई भी दूतावास सुरक्षित नहीं है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने यूरेनियम का इतना खजाना जमा कर दिया है कि वह हफ्तेभर में ही कम से कम तीन एटम बम तैयार कर सकता है। हालांकि बता दें कि किसी भी परमाणु हथियार के पूर्ण रूप से तैयार होने में कम से कम छह महीने की अवधि लगती है।

# पाकिस्तान से नहीं रुक रहा आतंकवाद तो भारत की ले ले मदद, राजनाथ सिंह ने फिर दी चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान से लगातार आतंकवाद पर लगाम लगाने की कह रहे भारत ने अब मदद की पेशकश भी कर दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि अगर पाकिस्तान आतंकियों को रोकने में सक्षम नहीं है, तो भारत मदद के लिए तैयार है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान भी सिंह ने कह दिया था कि अगर कोई भारत में शांति भंग करने की कोशिश करेगा, तो उसे घर में घुसकर मारेंगे।

समाचार एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में सिंह ने कहा, अगर पाकिस्तान को लगता है कि वह आतंकवाद पर काबू पाने में असमर्थ है या नहीं कर सकते हैं, तो पड़ोसी देश भारत है उसका सहयोग प्राप्त करना चाहते हैं, तो उसका सहयोग प्राप्त करें। भारत सहयोग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी दी, आतंकवाद का सहारा लेकर अगर वह भारत को अस्थिर करने की कोशिश करेगा, तो उसे इसका खामियाजा भुगतना होगा।

रक्षा मंत्री सिंह ने बुधवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतत्व में केंद्र में सरकार बनने के बाद दुनिया भर में भारत का कद ऊंचा हुआ है।

## पैरोल जंप कर 3 साल से फरार चल रहा बदमाश गिरफ्तार, मुंबई में पहचान बदलकर रह रहा था आरोपी



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने जामिया नगर के हत्या के एक मामले में पैरोल जम्प कर पिछले तीन साल से फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है।

पैरोल जम्पर बदमाश का पता लगाने के लिए अपराध शाखा की टीम ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए मतदाता कार्ड बनाने के लिए मुंबई में चुनाव अधिकारी के रूप में काम किया और उसकी पहचान कर मुंबई से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मोहम्मद मुस्ताक के रूप में हुई है।

अपराध शाखा के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 2021 में आरोपित मुस्तका और उसके दो दोस्तों का एक चाय की दुकान पर झगडा हो गया था, शिकायतकर्ता के बेटे ने इसकी जानकारी दुकान मालिक को दे दी थी।

### पांचवी मंजिल से फेंक दिया था मासूम

जिस पर आरोपितों ने नाराज होकर शिकायतकर्ता को धमकी दी थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि दुश्मनी के कारण तीनों आरोपितों ने अगले दिन शिकायतकर्ता के बेटे के पांचवी मंजिल से फेंक दिया।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन को मिली बड़ी राहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को लॉटरी किंग सैंटिआगो मार्टिन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में विशेष अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी। मार्टिन ने केरल की पीएमएलए कोर्ट के गत 16 मार्च के आदेश को चुनौती दी थी। इसमें विशेष कोर्ट ने ईडी द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुकदमे को स्थगित करने की मार्टिन की याचिका को खारिज कर दिया था।

क्या है पूरा मामला- बता दें कि मार्टिन की कंपनी ने विवादित चुनावी बॉन्ड योजना के माध्यम से राजनीतिक दलों को सर्वाधिक दान दिया था। जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ से मार्टिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य सोंधी और अधिवक्ता रोहिणी मूसा ने कहा कि विशेष कोर्ट को यह विचार करना चाहिए था कि मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम मामले में मुकदमा मुख्य मामले के मुकदमे के समापन के बाद ही शुरू हो सकता है। मार्टिन ने याचिका में कहा कि आमतौर पर ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों द्वारा भ्रष्टाचार अथवा कर चोरी के मामलों में की गई एफआईआर अथवा जांच के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज करती है और सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र मुख्य मामला है।

## भारतीय सभ्यता सबसे पुरानी, NSA डोभाल बोले- आलोचक भी नहीं उठा सकते कोई सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को कहा कि भारतीय सभ्यता सबसे पुरानी और निरंतर सभ्यताओं में से एक है और इसका विस्तार भी विशाल है। साथ ही कहा कि अपने इतिहास का समान बोध तथा अपने भविष्य की समान दृष्टि रखने वाले लोग राष्ट्रीयता का निर्माण करते हैं। डोभाल नई दिल्ली में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अजीत डोभाल ने क्या कुछ कहा- उन्होंने कहा कि देश के इतिहास को लेकर किसी ने कोई सवाल नहीं उठाया है और न ही उठा सकता है, यहां तक कि भारत के आलोचक भी नहीं। पहली है इसकी प्राचीनता। यह सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और शायद मानव जीवन विकसित हो चुका था और समाज ने खुद को बहुत ऊपर तक परिपूर्ण कर लिया था।

अब, यह किसने किया? क्या वे मूल लोग थे या वे बाहर से आए थे, वे इसके बारे में तो पक्षपाती हो सकते हैं, लेकिन वे सभी मानते हैं कि यह प्राचीन सभ्यता है।

डोभाल ने भारतीय सभ्यता की दूसरी विशेषता इसकी निरंतरता बताई। उन्होंने कहा, अगर इसकी शुरुआत 4000 या 5000 साल पहले हुई तो यह आज तक लगातार जारी है। उसमें कोई रुकावट नहीं है। तीसरी विशेषता इसका विशाल विस्तार है। यह कोई छोटा-मोटा गांव नहीं थी, जो आपको किसी विकसित द्वीप या उस जैसी किसी जगह पर मिलती हो।

डोभाल ने अलेक्जेंडर की भारत यात्रा का किया उल्लेख- उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद का गठन उन लोगों द्वारा किया जाता है, जो अपने इतिहास की सामान्य समझ और अपने भविष्य की सामान्य दृष्टि साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को इतिहास की अलग-अलग समझ है यानी अगर मेरा नायक आपका खलनायक है तो आप और मैं एक राष्ट्र नहीं बना सकते।

## नशे में था ड्राइवर और रफ्तार थी 120, बच्चों ने बताई खूनी स्कूल बस की कहानी; 8 मासूमों की मौत




नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में स्कूल बस पलटने से अब तक 8 बच्चों की मौत हो चुकी है। हादसे में 5 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीन अन्य मासूमों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले में लापरवाही एक बड़ी वजह है। पहला सवाल तो यही है कि आखिर ईद के दिन जब सरकारी छुट्टी थी तो फिर स्कूल क्यों खोला गया। इसके अलावा महेंद्रगढ़ के एसपी अर्श वर्मा ने कुछ और जानकारियां भी दी हैं। उन्होंने बताया कि इस स्कूल बस को चलाने वाले ड्राइवर को अरेस्ट कर लिया गया है।

पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में पता चला रहा है कि बस किसी दूसरे वाहन को ओवरटेक कर रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ। मौके पर हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा पहुंची हैं।


घायल छात्रों में से कुछ ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि ड्राइवर ने शराब पी हुई थी। एक बच्चे ने कहा, ड्राइवर ने पी रखी थी और बस की रफ्तार 120 से ज्यादा कर रखी थी। इसी के चलते संतुलन बिगड़ गया।

बच्चों को जिस निहाल अस्पताल में एडमिट कराया गया, उसके डॉक्टर रवि कौशिक ने कहा कि यहां 20 बच्चों को लगाया था। इनमें से कुछ को सरकारी अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

एसपी अर्श वर्मा ने बताया कि डॉक्टर फिलहाल ड्राइवर का मेडिकल कर रहे हैं। इससे पता चलेगा कि उसने शराब पी थी या नहीं। हम बस के कागज भी चेक कर रहे हैं। फिलहाल स्कूल के मैनेजमेंट से बात हो रही और तय किया जाएगा कि इस हादसे के लिए कौन जिम्मेदार है।

यह हादसा गुरुवार की सुबह महेंद्रगढ़ जिले के उनहानी गांव के पास हुआ। बस किसी दूसरे वाहन को ओवरटेक कर रही थी और उसका नियंत्रण खो गया। इस दौरान एक पेड़ से जा टकराई।

## भारत के इस कदम से टेस्ला को हो सकता है फायदा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अटकलें लग रही हैं कि इलॉन मस्क जल्द ही भारत में निवेश की बड़ी योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं. भारत सरकार ने पिछले महीने ही इलेक्ट्रिक गाड़ियों की नीति में एक बड़ा बदलाव किया था, जिससे मस्क की कंपनी टेस्ला को फायदा हो सकता है.मस्क ने बुधवार को एक्स पर एक ट्वीट के जरिए घोषणा की कि वो भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले हैं. मस्क ने तो अपनी भारत यात्रा के बारे में इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं दी, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि वो 22 अप्रैल के आस पास भारत आ सकते हैं।

मस्क भारत कब आएंगे और उनकी कंपनी टेस्ला की गाड़ियां भारत में कब बिकनी शुरू होंगी, इसे लेकर लंबे समय से अटकलें लग रही हैं. 2021 में मस्क ने एक्स पर एक यूजर के सवाल के जवाब में लिखा था कि भारत में ऊंचे आयात शुल्क की वजह से टेस्ला की गाड़ियां अभी तक वहां उपलब्ध नहीं हो पाई हैं।

आयात शुल्क में कटौती- लेकिन भारत सरकार ने हाल ही में इलेक्ट्रिक गाड़ियां बनाने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए नीति में एक बड़ा बदलाव किया था. समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक इस बदलाव का फायदा टेस्ला को मिल सकता है।

पिछले महीने भारत ने विदेशी कंपनियों के लिए इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर आयात शुल्क को घटा दिया था। भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के बयान के मुताबिक भारत में करीब 4,100 करोड़ रुपये निवेश का वादा करने वाली और तीन साल में देश के अंदर उत्पादन शुरू करने वाली अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए सिर्फ 15 प्रतिशत शुल्क लागू होगा।

यह टैक्स दर करीब 29 लाख रुपयों से ज्यादा दाम की हर इम्पोर्टेड इलेक्ट्रिक गाड़ी पर पांच सालों के लिए लागू होगी. माना जाता है कि इस कदम में टेस्ला की जीत थी. पिछले सप्ताह फाइनेंशियल टाइम्स पत्रिका ने दावा किया था कि टेस्ला इलेक्ट्रिक गाड़ियों की एक प्रस्तावित फैक्ट्री की लोकेशन की तलाश करने के लिए अप्रैल में एक टीम भारत भेजने की योजना बना रही है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 पौष कृष्ण चतुर्थी



## संपादकीय

# लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक के बाद एक बड़े झटके लग रहे हैं....



लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक के बाद एक बड़े झटके लग रहे हैं . इस सूची में कांग्रेस प्रवक्ता, आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ गौरव वल्लभ , बॉक्सर विजेंदर सिंह , संजय निरुपम शामिल हो गए हैं । गौरव वल्लभ और विजेंदर सिंह बीजेपी में शामिल हो गए हैं . इससे पहले कांग्रेस छोड़कर बीजेपी , एसपी - बीएसपी जैसी पार्टियों में शामिल होने वाले नेताओं की एक लंबी फेहरिस्त है । देश की सबसे पुरानी पार्टी के नेता अब मोदी सरकार की तारीफ कर रहे हैं और कांग्रेस मौड़ी मंडल की आलोचना कर रहे हैं चुनाव के दौरान नेताओं का दलबदल करना कोई नई बात नहीं है , लेकिन जब किसी खास पार्टी के नेता पार्टी छोड़ते हैं तो इससे पार्टी विरोधी माहौल बनता है और विपक्ष को मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलती है । एक के बाद एक कांग्रेस नेता पार्टी छोड़ रहे हैं , जिससे राजनीतिक माहौल और माहौल कांग्रेस के पक्ष में नहीं दिख रहा है । गौरव वल्लभ ने कांग्रेस छोड़ने की वजह बताई और कहा कि सनातन धर्म और राम मंदिर का विरोध कैसे हो सकता है ? ध्यान रहे कि जब डीएमके के नेता सनातन धर्म जब डेंगू को मलेरिया जितना जहरीला माना जाता था , तब कांग्रेस के मौड़ी मंडल उनकी आलोचना करने का साहस नहीं कर सके । गौरव वल्लभ ने यह भी कहा कि वेल्थ क्रिएटर्स कारोबारियों को सुबह - शाम देने का भी विरोध कर रहे हैं कांग्रेस वामपंथी विचारधारा वाले नेताओं की गिरफ्त में है . निजी व्यवसायियों की आलोचना करना उचित नहीं है . दरअसल, कांग्रेस नेताओं की वजह से ही कांग्रेस अब भटक गयी है . संजय निरुपम का ये भी कहना है कि कांग्रेस में सत्ता के कई केंद्र बन गए हैं और राहुल गांधी वामपंथी विचारकों से घिरे हुए हैं . उन्होंने कांग्रेस नेताओं द्वारा राम मंदिर समर्पण समारोह के बहिष्कार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पार्टी पर भी वामपंथियों ने कब्जा कर लिया है और कहा कि कांग्रेस वाम दलों की धर्मनिरपेक्षता से ग्रस्त है , जिसमें धर्म और आस्था है . कोई महत्व नहीं है . इसमें कोई शक नहीं कि कांग्रेस जैसी अन्य पार्टियों के नेता अयोध्या नहीं गए , लेकिन जिस तरह से कांग्रेस के मौदी मंडल ने वहां जाने का निमंत्रण ठुकरा दिया , वह ठीक नहीं है । कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश के हर राज्य में कांग्रेस को झटका लगा है . कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गजों ने पार्टी छोड़ने से पहले ही शुरुआत कर दी थी , अब कांग्रेस में गिनती के ही नेता बचे हैं जिन्हें राष्टीय स्तर का नेता कहा जा सकता है ।

ंग्रेस शासित राज्य के कई कांग्रेस नेता कब और कहां जाएंगे , यह कहना संभव नहीं है . ऐसे में यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि कांग्रेस माउड़ी मंडल गौरव वल्लभ , संजय निरुपम की बातों पर ध्यान देगी . इन नेताओं ने कांग्रेस की बीमारी का निदान कर लिया है . लेकिन इलाज उनके हाथ में नहीं है !?

# भगवान की कृपा के बिना कोई संत समागम नहीं होता



महर्षि पुलत्स्य ब्रह्माजी के मानसपुत्र थे, पुलत्स्य के पुत्र विश्रवा मुनि थे। एक पत्नी का नाम इल्विडा था जिससे कुबेर का जन्म हुआ। दूसरी पत्नी का नाम कैकसी या निक्सा था। उनसे रावण, कुम्भकर्ण, शूर्पणखा और विभीषण का जन्म हुआ। रावण और कुम्भकर्ण की तरह विभीषण ने भी कठोर तपस्या की। जब ब्रह्माजी उन्हें आशीर्वाद देने आये तो उन्होंने कहा- हे प्रभु, मुझे ईश्वर की अटूट भक्ति चाहिए। जगत् के रचयिता ब्रह्माजी ने 'तथास्तु' कहकर वह वरदान दे दिया। इससे विभीषण भगवान श्रीराम का अनन्य भक्त और सेवक बन गया।

दासभक्ति के सर्वोत्तम अवतार श्री हनुमानजी जब लंका पहुँचे तो रात्रि में श्री सीताजी की पूजा करते समय उन्हें विभीषण का घर दिखाई दिया। घर के पास ही भगवान का एक सुन्दर मन्दिर बनवाया गया। घर की दीवारों पर चारों ओर भगवान श्रीराम का मंगल नाम लिखा हुआ था। आँगन में तुलसी के पौधे रोपे गये। हनुमानजी को आश्चर्य हुआ कि असुरों की नगरी लंका में रामभक्त का घर किसका होगा? रात्रि का चौथा पहर था, उसी समय विभीषण जाग गये और तुरंत भगवान श्रीराम का नाम जपने लगे।

श्रीहनुमानजी एक ब्राह्मण का भेष बनाकर उनके पास गये। विभीषण ने सोचा. - इस समय लंका का ब्राह्मण कहाँ से आये? उन्होंने पूछा- आप भगवान राम के भक्त या सेवक मालूम होते हैं. लगता है भगवान ने तुम्हें मुझे धन्यवाद देने के लिए भेजा है। या प्रभु राम, हो सकता है कि आप ही इस रूप में मेरे पास पहुँचे हों। जब श्रीहनुमानजी ने अपना परिचय दिया तो विभीषण उच्च स्वर से बोले- 'तत् कबहु मोहि जानि अनाथा। करिहि कृपा भानुकुलनाथ।

तमस आपका छोटा उपकरण नहीं है। प्रीति न पद सरोज मन माहीं। अब मोहि भा भरोस हनुमंता। बिनु हरिकृपा मिलहि नहीं संता। सूर्यवंश के स्वामी ने मुझे अनाथ समझकर यह कृपा की है। मैं असुरकुल में जन्मा तमोगुणी शरीर का स्वामी हूं। हे हनुमानजी, प्रभु श्री राम के चरणकमलों में इतना अनन्य प्रेम न होते हुए भी मुझे प्रभु को पाने की कोई इच्छा नहीं है, अब मुझे पूर्ण विश्वास है, पूर्ण विश्वास है कि मैं शीघ्र ही प्रभु श्री राम के दर्शन करुँगा। उससे मिलो कि मैंने तुम्हें देखा है. भगवान की कृपा के बिना कोई संत समागम नहीं होता।'

श्री हनुमानजी ने विभीषण से कहा- प्रभु श्रीराम भक्तवत्सल हैं। जब प्रभु सीताजी को छुड़ाने आयेंगे तो तुम्हें दर्शन देंगे। हनुमानजी ने सीताजी को राम की दी हुई मुहर दी, अशोकवाटिका तहसनहस को संदेश दिया, ब्रह्मास्त्र का सम्मान किया, मेघनाद ने पकड़ा, लंका को जलाया और लौट आए। विभीषण ने रावण को सीताजी को राम को लौटाने के लिए बहुत समझाया। जब रावण ने उन्हें वनवास दिया तो वे राम के पक्ष में आ गईं और उनकी सहायक बन गईं। रावण की मृत्यु के बाद भगवान श्रीराम लंका पर विजय प्राप्त कर विभीषण को लंका का शासक बनाकर सीताजी के साथ अयोध्या लौट आए।

एक बार जब विभीषण को ब्रह्महत्या का पाप लगा तो भगवान श्रीराम ने ब्राह्मण से कहा- 'हे द्विजवर, मैंने विभीषण को अखंड राज्य और जीवन दिया है, वह मर नहीं सकता। उसे मरने की क्या जरूरत है? जो मेरा भक्त है उसके लिए मैं स्वयं मर सकता हूँ ङ्क वरन ममैव मरणं मदवभक्तो हन्यते कथम। राज्यमायु रामच दन्त तथैव स भविष्यति। तब भगवान श्रीराम ने विभीषण को 360 गायें दान देकर ब्रह्म पाप से मुक्ति दिलाई। इस प्रकार भगवान श्री राम ने भक्त के प्रति समर्पण दिखाते हुए विभीषण की रक्षा की।



# 193 पर आ सकता है यह शेयर, 2100 पर था भाव, अनिल अंबानी की है कंपनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर के शेयर बुधवार को कारोबार के दौरान फोकस में थे। कंपनी के शेयर बीते दिन 20त्न तक टूट गए थे और 227.60 रुपये पर पहुंच गए थे। बता दें कि आज गुरुवार को ईद के उपलक्ष्य में शेयर बाजार बंद है। शेयरों में इस गिरावट के पिछे सुप्रीम कोर्ट का ऐलान फैसला था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस प्राइवेट लि. (डीएएमईपीएल) के पक्ष में दिये गये 8,000 करोड़ रुपये के मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को रद्द कर दिया। यह निर्णय 2008 में डीएएमईपीएल (अनिल अंबानी की रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुषंगी कंपनी) और दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के बीच हुए 'रियायती समझौते' से उत्पन्न विवाद के मामले में था। न्यायालय ने डीएएमईपीएल को मध्यस्थता फैसले के अनुसार दिल्ली मेट्रो रेल द्वारा पहले भुगतान की गई सभी रकम वापस करने को कहा। डीएमआरसी ने रिलायंस इन्फ्रा की इकाई को 3,300 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। इसे अब वापस करना है।

अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से उसपर कोई देनदारी नहीं बनती है। कंपनी ने कहा, ÷रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर यह स्पष्ट करना चाहती है कि न्यायालय के 10 अप्रैल, 2024 को पारित आदेश में कंपनी पर कोई दायित्व नहीं डाला गया है और कंपनी को मध्यस्थता निर्णय के तहत डीएमआरसी/डीएएमईपीएल से कोई पैसा भी नहीं मिला है।'' डीएएमईपीएल भले ही रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की सब्सिडियरी कंपनी है। यह एक अलग यूनिट है और देनदारी उसपर आती है।

एंजेल वन के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट - टेक्निकल एंड डेरिवेटिव्स ओशो कृष्णन ने कहा, ÷रिलायंस इंफ्रा के शेयर में हालिया शानदार तेजी के बाद 20 फीसदी की गिरावट है, जो निकट अवधि में सावधानी का संकेत है। अभी के लिए 210-200 रुपये की संभावना है।

टिप्स2ट्रेड्स के एआर रामचंद्रन ने कहा, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर 280 रुपये पर मजबूत प्रतिरोध के साथ दैनिक चार्ट पर मंदी की स्थिति में दिख रहा है।

## 100 पर जाएगा यह शेयर, एक्सपर्ट ने कहा- खरीदो, देगा मुनाफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप कम दाम के किसी क्वालिटी शेयरों में दांव लगाने की सोच रहे हैं तो आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर पर फोकस कर सकते हैं। ब्रोकरेज के मुताबिक, इस शेयर में तेजी आ सकती है। बैंक के शेयर पर ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने बाय कॉल किया है। जेफरीज ने इस शेयर पर 100 के टारगेट प्राइस के साथ कवरेज शुरू किया है। यह आज (10 अप्रैल) के 84.71 के बंद प्राइस से 15 प्रतिशत से अधिक है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का स्टॉक पिछले एक साल में 52 प्रतिशत से अधिक उछला है। YTD में 5 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे इस साल अब तक 4 में से 3 महीनों में नकारात्मक रिटर्न मिला है। मार्च में 7 प्रतिशत, फरवरी में 4 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 5 प्रतिशत की गिरावट के बाद अप्रैल में अब तक इसमें 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान में स्टॉक 5 सितंबर, 2023 को अपने रिकॉर्ड उच्च 100.74 से 16 प्रतिशत से अधिक दूर है। इस बीच यह 12 अप्रैल, 2023 को अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 53.35 से 58 प्रतिशत आगे बढ़ गया है।

जेफरीज आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पर पॉजिटिव हैं। ब्रोकरेज ने इस शेयर में तेजी की तीन वजह भी गिनाए हैं। पहला- फुल सुइट बैंकिंग और सबसे बेहतर जमा फ्रेंचाइजी। दूसरा- जमाराशियों में 28 प्रतिशत सीएजीआर की उम्मीद है।

## 1270 तक पहुंच सकते हैं आईआरसीटीसी के शेयर, एक्सपर्ट्स बोले-खरीदो




नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन के शेयर पिछले एक साल में 77% का रिटर्न दे चुके हैं। यह रेलवे स्टॉक ने पिछले तीन ही महीनों में 45% रिटर्न दिया है। शेयर मार्केट एक्सपर्ट्स का दावा है कि आईआरसीटीसी बहुत जल्द अल्पावधि में 1,100 रुपये के स्तर को पार कर सकता है। प्रभुदास लीलाधर में वाइस प्रेसीडेंट टेक्निकल रिसर्च वैशाली पारेख ने कहा, आईआरसीटीसी पहले से ही 970 रुपये के मजबूत समर्थन स्तर के साथ है। 1050 रुपये के रेजस्टेंट के ऊपर एक निर्णायक ब्रेक संभावित लक्ष्य 1100-1150 रुपये के साथ आगे की गति को ट्रिगर करने का अनुमान है।

बता दें पिछले दो हफ्तों में स्टॉक में 10% की उछाल दर्ज की गई है। स्टॉक 23 जनवरी 2024 को अपने 52-सप्ताह के 1049.75 रुपये के हाई के करीब कारोबार कर रहा है। मौजूदा सत्र में स्टॉक 1029.60 रुपये के इंट्राडे हाई पर पहुंच गया। आईआरसीटीसी का मार्केट कैप भी बढ़कर 81,628 करोड़ रुपये हो गया है। आईआरसीटीसी स्टॉक का एक साल का बीटा 0.8 है। यानी इस स्टॉक में कम अस्थिरता है। इनक्रेड इक्विटीज के वाइस प्रेसीडेंट गौरव बिस्सा ने कहा, आरएसआई वर्तमान में 68 के स्तर पर कारोबार कर रहा है, एक बार 70 के स्तर को पार करने पर कीमतों को 990 रुपये के स्तर पर तत्काल सपोर्ट मिल सकता है।

आईआरसीटीसी का स्टॉक 5 दिन, 10 दिन, 100 दिन, 150 दिन और 200 दिन के मूविंग औसत से अधिक है। प्रोग्रेसिव शेयर्स के निदेशक आदित्य गग्गर ने कहा, स्टॉक ने बुलिश फ्लैग और पोल फॉर्मेशन से ब्रेकआउट दिया है, जिसकी पुष्टि आरएसआई में गिरती ट्रेंडलाइन ब्रेकआउट और वॉल्यूम में बढ़ोतरी के साथ हुई है। इसका टार्गेट प्राइस 1270 रुपये है। हमने पहले ही 1 अप्रैल को 962 रुपये पर स्टॉक पर एक पोजीशनिंग कॉल शुरू कर दी है। एंजेल वन में तकनीकी और डेरिवेटिव रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक ओशो कृष्ण ने कहा, काउंटर के पास एक मजबूत समर्थन है 950-940 रुपये का विषम क्षेत्र, जो किसी भी शॉर्ट टर्म गिरावट को कम करने की संभावना है।

## 2000 तक पहुंचेगा एचडीएफसी बैंक का शेयर, एक्सपर्ट्स ने कहा-खरीदो




नई दिल्ली (एजेंसी)। एचडीएफसी बैंक के शेयर आने वाले कुछ ही दिनों में 2000 रुपये तक पहुंच सकते हैं। घरेलू ब्रोक्रेज फर्म प्रभुदास लीलाधर ने इसका टार्गेट प्राइस 2000 रुपये रखते हुए खरीदारी की सिफारिश की है। यानी चंद दिनों में ही यह स्टॉक 30 फीसद से अधिक मुनाफा दे सकता है। अभी यह 1534.95 रुपये पर है। इससे पहले मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने इसमें खरीदारी की सलाह देते हुए 1950 रुपये का टार्गेट दिया था।

एचडीएफसी बैंक के शेयर पिछले महीने काफी गिर गए थे। एक साल में 1757.50 रुपये तक पहुंचने वाला शेयर 1363.55 रुपये के निचले स्तर तक आ गया। अब पिछले कुछ हफ्तों से इसमें जान आ गई है। एक महीने में यह 7.50 फीसद चढ़ा है। हालांकि, साल 2024 में यह करीब 10 फीसद टूट चुका है।

कुल 39 शेयर मार्केट एनॉलिस्ट ने एचडीएफसी बैंक के शेयर पर अपने टिप्स दिए हैं। इनमें से 21 ने स्ट्रांग बाय की सिफारिश की है। दूसरी ओर 14 ने क्व्ह4 रेटिंग दी है। इनके अलाव चार ने होल्ड करने को कहा है। किसी ने भी इस स्टॉक से निकलने की बात नहीं की है।

मार्च तीमाही में प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी घटाकर 25.52 फीसद कर दी है।

## 28 पैसे से 12 रुपये के पार पहुंचा यह छोटकू शेयर, कंपनी ने दिए 10 बोनस शेयर, 1 लाख रुपये के बनाए 45 लाख



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्मॉलकैप कंपनी रामा स्टील ट्यूब्स के शेयरों ने छप्परफाड़ रिटर्न दिया है। रामा स्टील ट्यूब्स के शेयर पिछले 4 साल में 28 पैसे से बढ़कर 12 रुपये के पार पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में इस अवधि में 4400 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। रामा स्टील ट्यूब्स ने पिछले कुछ साल में अपने निवेशकों को 3 बार बोनस शेयर दिए हैं। कंपनी ने 3 बार में टोटल 10 बोनस शेयर इनवेस्टर्स को दिए हैं। रामा स्टील ट्यूब्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 16.82 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 9.84 रुपये है।

रामा स्टील ट्यूब्स के शेयर 3 अप्रैल 2020 को 28 पैसे पर थे। कंपनी के शेयर 10 अप्रैल 2024 को 12.83 रुपये पर बंद हुए हैं। रामा स्टील ट्यूब्स के शेयरों ने पिछले 4 साल में निवेशकों को 4485 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। अगर किसी व्यक्ति ने 3 अप्रैल 2020 को रामा स्टील ट्यूब्स के शेयरों में 1 लाख रुपये लगाए होते और अपने निवेश को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में इन शेयरों की वैल्यू 45.82 लाख रुपये होती। हमने अपने कैलकुलेशन में कंपनी की तरफ से दिए गए बोनस शेयर और स्टॉक स्प्लिट को शामिल नहीं किया है।

रामा स्टील ट्यूब्स ने पिछले कुछ साल में 3 बार बोनस शेयर दिए हैं। कंपनी ने मार्च 2016 में 4:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर शेयर पर 4 बोनस शेयर दिए हैं। रामा स्टील ट्यूब्स ने जनवरी 2023 में भी 4:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए हैं। यानी, कंपनी ने हर शेयर पर 4 बोनस शेयर दिए। कंपनी ने मार्च 2014 में 2:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए।

## 38 से बढ़कर 252 पर आ गया यह शेयर, दिग्गज निवेशक के पास हैं 34 लाख शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। हर नई तिमाही की शुरुआत के बाद रिटेल निवेशक टॉप भारतीय शेयर बाजार निवेशकों के पोर्टफोलियो में नए बदलाव को स्कैन करना शुरू कर देते हैं। ताकि उन्हें यह पता चल सके कि समाप्त तिमाही में स्मार्ट मनी किस दिशा में प्रवाहित हुई है। ऐसे में आज हम आपको मुकुल अग्रवाल के पोर्टफोलियो के बारे में बता रहे हैं। जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, मुकुल अग्रवाल का नाम कंपनी के पर्सनल शेयरधारकों की लिस्ट में है। इसका मतलब है कि एक साल में 550 फीसदी की बढ़ोतरी के बावजूद दिग्गज निवेशक मुकुल अग्रवाल इस मल्टीबैगर स्टॉक पर अभी भी फिदा हैं।

हाल ही में समाप्त मार्च 2024 तिमाही के लिए ओरिएंटल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, मुकुल अग्रवाल के पास कंपनी के 34 लाख शेयर हैं, जो कंपनी की कुल चुकता पूंजी का 5.53 प्रतिशत है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मिसरोद थाना पुलिस ने गुरुवार को एक व्यापारी की शिकायत पर सूदखोर आरोपित को गिरफ्तार किया

भोपाल । मिसरोद थाना पुलिस ने गुरुवार को एक व्यापारी की शिकायत पर सूदखोर आरोपित को गिरफ्तार किया है। फरियादी ने उससे कुछ रकम उधार ली थी, जिसके बदले में वह सूद समेत कई गुना ज्यादा रकम अदा कर चुका था। इसके बावजूद आरोपित उससे और रुपये वसूल करने के लिए प्रताड़ित कर रहा था। परेशान होकर उसने आरोपित की शिकायत पुलिस में की थी। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। यह है मामला




पुलिस के मुताबिक पेशे से व्यापारी राजेश जैन द्वारा 10 अप्रैल को थाना उपस्थित आकर शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें राजेश ने बताया कि उन्होंने सूरज जोगी से व्यापार के लिये 23 सितंबर 2022 से 23 दिसम्बर तक 2,33,000 रुपये उधार लिए थे। इसके ऐवज में वह मूलधन और ब्याज समेत कुल 15,53,000 रुपये सूरज के खाते में ट्रांसफर कर चुका है। इसके बाद सूरज जोगी ने कहा कि उस पर 07 लाख रुपये और बकाया है। फरियादी ने जब उससे और रुपये न होने की बात कही, तो सूरज ने उसके घर पहुंचकर उनके स्वजनों को धमकाया।

मारपीट करने की धमकी देकर गंदी-गंदी गालिया दीं और चार सौ बीसी के केस में फंसाने का डर दिखाकर उससे चार ब्लैंक चेक हस्ताक्षर कराकर ले लिए। इसके बाद सूरज जोगी उससे 76,000 रुपये प्रतिमाह ब्याज के रुपये मांग कर सात लाख रुपये और देने का दबाव डालने लगा।

उसकी धमकियों से परेशान होकर राजेश ने पुलिस के समक्ष गुहार लगाई। इस पर मिसरोद पुलिस ने ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937 के तहत एफआइआर दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया और मंडीदीप, रायसेन में रविशंकर मंदिर के पीछे स्थित सूरज के निवास पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ कर उसके ऑफिस में ब्याज के रुपये, लेनदेन के संबंध में कई लोगों के उल्लेखित नाम वाले रजिस्टर मिले, जिसमें लाखों रुपये के लेनदेन का हिसाब किताब-लिखा हुआ है तथा फरियादी से लिए गए ब्लैंक चेक भी बरामद हुए। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

# RGPV के तत्कालीन कुलपति सुनील कुमार रायपुर से गिरफ्तार



भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्यौगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में हुए 19.48 करोड़ रुपये के एफडी घोटाला मामले में मुख्य आरोपित तत्कालीन कुलपति प्रो. सुनील कुमार गुप्ता को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। भोपाल पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी की है। तकरीबन एक माह पहले इस मामले में गांधीनगर पुलिस थाने में एफआइआर दर्ज होने के बाद कुलपति सुनील कुमार गायब हो गए थे। पुलिस इस मामले में प्राइवेट बैंक प्रबंधक और दलित संघ के एक पदाधिकारी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस ने कुछ दिन पूर्व तत्कालीन कुलपति समेत पूर्व रजिस्ट्रार आरएस राजपूत और सेवानिवृत वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा को भगोड़ा घोषित करते हुए इन पर 30000 रुपये इनाम घोषित किया था। पुलिस ने इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया था। पुलिस ने तीनों आरोपितों की संपत्ति कुर्क करने की भी तैयारी कर ली है। दो दिन पहले ही तत्कालीन कुलपति के खिलाफ तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा निलंबन की कार्रवाई भी की गई थी। इस मामले में दो आरोपित अब भी फरार हैं।खारिज हो चुकी जमानत याचिका यहां पर यह बता दें कि एफआइआर दर्ज होने के बाद न्यायालय में उन्होंने अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। इसी मामले में तत्कालीन कुलसचिव को एफआइआर दर्ज होने के बाद ही निलंबित कर दिया गया था।

# प्रकाशकों की किताब लगाने के बदले में प्रकाशक और बुक डिपो संचालकों द्वारा करोड़ों का कमीशन पहुंचाया गया

जबलपुर। जबलपुर के मिशनरी स्कूल ही नहीं बल्कि शहर के 10 ऐसे स्कूलों के नाम सामने आए हैं, जहां पर केजी वन से 12 वीं तक खास प्रकाशकों की किताब लगाने के बदले में प्रकाशक और बुक डिपो संचालकों द्वारा करोड़ों का कमीशन पहुंचाया गया। स्कूलों ने कमीशन की राशि नकद मांगी थी, जिस वजह से हवाला के जरिए पैसे पहुंचाने का काम किया गया। स्कूलों को हवाला का काम करने वालों ने कमीशन के तौर पर 10 लाख रुपये से लेकर दो करोड़ तक नकद पहुंचाए। सूत्रों की माने तो यह जानकारी सामने आने के बाद आयकर विभाग की इंवेस्टिगेशन विंग सक्रिय हो गई है। स्कूलों पर आयकर विभाग का शिकंजा कस सकता है।





दरअसल जिला प्रशासन और जीएसटी द्वारा शहर के बुक डिपो और यहां से मिले प्रकाशकों की जानकारी खंगाली गई। इस दौरान प्रकाशकों ने अपनी महंगी किताब, केजी वन से 12 वीं के कोर्स में जुड़वाने के लिए यह कमीशन दिया। कई मिशनरी स्कूल के संचालक और प्रबंधक , दोनों को चार पहिया लग्जरी वाहन भी पहुंचाए गए हैं, जिसके बाद मिशनरी से लेकर शहर के 10 बड़े स्कूलों की बुक प्रकाशक और बुक डिपो संचालक की सांठगांठ सामने आ गई है। जल्द ही इन स्कूलों पर आयकर विभाग का शिकंजा कस सकता है।हवाला कारोबारियों को दी पैसे पहुंचाने की जिम्मेदारी

जबलपुर के मिशनरी स्कूलों में लगभग 8 हजार से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं। एक बच्चे से औसम तीन हजार तक फीस हर माह ली जाती है। इनसे सालभर में सिर्फ फीस के दौर पर लगभग 29 करोड़ रुपये आते हैं। इसके अलावा हर स्कूल में कक्षा के मुताबिक अलग-अलग बुक-कापी, सप्ताह में तीन यूनिफार्म, सूज, बैग पर एक बच्चे पर 12 से 15 हजार रुपये तक खर्च होते हैं। इन्हें बिकवाने में स्कूलों को मोटा कमीशन मिलता है। इसके अतिरिक्त बुक प्रकाशकों व बुक डिपो द्वारा स्कूल संचालक, प्राचार्य, शिक्षक और प्रबंधन से जुड़े लोगों को उपचार दिया जाता है। इस दौरान स्कूल प्रबंधकों की शर्त होती है कि जो कमीशन दिया जा रहा है, उसका कोई रिकार्ड न हो, इसलिए उसे नकद में दिया जाए। इसका पालन करते हुए शहर के मिशनरी स्कूल से लेकर 10 बड़े स्कूलों में कमीशन के तौर पर करोड़ों की राशि को हवाला के जरिए ही एकत्रित किया और पहुंचाया गया।

बैंक में जमा नहीं, मकान-जमीन और गाड़ी में लगाई ईओडब्ल्यू ने क्राइस चर्च स्कूल प्रबंधन के विशप पीसी सिंह के पूर्व यहां छापेमारी की। इस कार्रवाई में उनके घर और आफिस से बड़ी मात्रा में नकदी, विदेश रुपयों के साथ जमीन-मकान के कागज और लग्जरी कारें मिलीं। इसका अधिकांश पैसा किताबों के प्रकाशक और बुक डिपो संचालक द्वारा इन्हें पहुंचाया था। यही स्थित अभी भी जारी है। न सिर्फ क्राइस चर्च, सेंट अलायसियस स्कूल की शाखाओं में पढ़ने वाले बच्चों की हर साल किताब बदल दी जाती है। यही हाल शहर के उन 70 स्कूलों में हैं, जहां पर जिला प्रशासन ने छापा मारा है। इनके संचालक के यहां जल्द ही जीएसटी की टीम कार्रवाई कर सकती है। वहीं दूसरी ओर लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू की टीम भी इसको लेकर सक्रिय हो गई है। कई स्कूल प्रबंधकों ने शहर में बड़े स्तर पर प्रापर्टी बनाई है तो कईयों ने करोड़ों इंवेस्ट कर स्कूलों को खंड़ा कर लिया है।

# ग्वालियर में पुलिसिंग का एक ऐसा चेहरा देखने को मिला, जिसने जुए और शराब की लत से बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके परिवारों को बचा लिया

ग्वालियर । ग्वालियर में पुलिसिंग का एक ऐसा चेहरा देखने को मिला, जिसने जुए और शराब की लत से बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके परिवारों को बचा लिया। पुलिस ने इन पर सख्ती करते हुए पकड़ा, फिर इन पर एफआइआर दर्ज की। लगातार कार्रवाई से इनमें दहशत भर गई और अब यह लोग जुआ नहीं खेल रहे। आसपास शराब की दुकान नहीं थी तो अवैध शराब बेचने वाले तस्कर से शराब खरीदकर पीते थे। पुलिस ने इसे भी पकड़ लिया और जेल भेज दिया। अब जुआ और शराब की लत छूट गई तो जो पैसा कमाते हैं, वह घर जाकर पत्नी को देते हैं। पुलिस के डर से बुरी आदतें छूटने लगी हैं, इसी के चलते बुधवार को बिजौली थाने में आसपास के गांव की महिलाएं पहुंची। महिलाओं ने महिला आइपीएस अनु बेनीवाल को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्होंने उनका परिवार बचा लिया। घर में पति की जुआ, शराब की लत के कारण खाने तक के लाले थे अब पुलिस के डर से यह आदत छूट गई तो घर में खुशहाली आ गई है। अभी बिजौली थाने की कमान प्रशिक्षु आइपीएस अनु बेनीवाल संभाल रही हैं। उन्होंने यहां एक के बाद एक लगातार जुए के अड्डों पर दबिश दी। जुआ खिलाने वालों पर एफआइआर की, इन्हें अवैध हथियारों के साथ पकड़कर जेल भेजा। इससे अब गांव में जुए की फड़ लगना बंद हो गई। ठिकाने बदल-बदलकर जुए की फड़ लगाने वालों पर सख्ती हो गई है तो अब गांव के जिन किसान, मजदूरों को जुए की लत थी, वह घर में ही रह रहे हैं। बिजौली थाने की हद में करीब 60 गांव आते हैं। यहां एक भी देशी शराब की दुकान नहीं है, इसके चलते बड़ागांव में रहने वाले सगे भाई पवन यादव और अजय यादव अवैध शराब बेचते थे। इन्हें 54 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ा और अवैध शराब का काला कारोबार बंद करा दिया। अब आसानी से अवैध शराब मिलना बंद हो गई तो पैसा कमाते ही घर पर देने की बजाय शराब पीने वाले किसान, मजदूर व अन्य लोग घर पर पैसा दे रहे हैं। शराब के कारण महिलाओं को परिवार पालने में जो



परेशानी हो रही थी, वह दूर हो गई। महिलाएं इकठ्ठी होकर थाने पहुंची और आइपीएस अनु बेनीवाल को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा इस कार्रवाई ने उनका परिवार बचा लिया। जब जुआ और अवैध शराब के अड्डे ही नहीं चलेंगे तो लत कैसे लगेगी।

अवैध हथियार के साथ पकड़े युवक, स्वजन बोले अब उनके बच्चे सुधर जाएंगे- दो युवकों को अवैध हथियार के साथ पुलिस ने पकड़ा था। इनके माता-पिता थाने पहुंचे और बोले कि काफी समझाने के बाद भी यह लोग नहीं मानते थे। अब जेल गए हैं तो यह सुधर जाएंगे और परिवार पर ध्यान देंगे।

जब इस तरह की कार्रवाई से किसी का परिवार बच जाता है तो लगता है कुछ तो समाज के लिए किया। पुलिस का काम अपराधियों पर नकेल कसने के साथ सामाजिक बुराईयों के खिलाफ भी काम करना है। इस तरह की कार्रवाई सुकून देती हैं। महिलाएं मिलने के लिए थाने आई थीं, उन्होंने कहा- परिवार में जुआ-शराब की लत से खाने के लाले थे, अब खुशियां लौटने लगी हैं।

**- अनु बेनीवाल, प्रशिक्षु आइपीएसड्ड**




# आबकारी अमले द्वारा बड़ी कार्रवाई

## तीन मामलों में लगभग ढाई लाख रूपये से अधिक कीमत की मदिरा और वाहन जप्त





इंदौर। जिले में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मदिरा के अवैध क्रय-विक्रय, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के दलों द्वारा अभियान चलाकर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे ने बताया कि आबकारी विभाग के अमले द्वारा 09 और 10 अप्रैल 2024 को कार्यवाही करते हुए महत्वपूर्ण प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इसी कड़ी में गत 09 अप्रैल 24 को दोपहिया वाहन ऊडूक्स जुपिटर से एक पीला बैग में 100 पाव (02 पेटी) देशी मदिरा प्लेन का अवैध परिवहन करते हुए शिवम पिता कमल किशोर निवासी 35 ब्रम्हबाग कालोनी इंदौर को पकड़ा गया। TVS जुपिटर न.MP 09-ZB-8698 को दौरान ए गश्त पीछा करते हुए संयोगितागंज रोड पर रोककर उपरोक्त अनुसार बरामद अवैध शराब को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 75 हजार रूपये है ।

इसी तरह आज आबकारी वृत्त काछी मोहल्ला में गश्त के दौरान आरोपी प्रवीण पिता भीमराव ऊके को एक्टिवा MP09-SW-7378 पर दो पेटी बीयर व दो पेटी देशी शराब का अवैध परिवहन करते पकड़ा गया। मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत 90 हजार रूपये है। इसी प्रकार आज दोपहिया वाहन हौंडा एक्टिवा में अवैध परिवहन करते हुए शिवा पिता सुंदर लाल निवासी पीथमपुर धार से एक पेटी देशी मदिरा प्लेन को जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त मदिरा और वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 73 हजार 500 रूपये है । सभी आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आबकारी विभाग द्वारा लगातार रात्रि गश्त, बारों पर सघन निगरानी, रोड चेकिंग कर अवैध मदिरा के विरुद्ध तथा नियमो का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

## श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर विजय नगर शक्ति के उपासकों के बीच आस्था का केंद



इंदौर। श्री ग्वाल भैरव कालका माता मंदिर विजय नगर शक्ति के उपासकों के बीच आस्था का केंद्र है। यहां वर्षभर विभिन्न अनुष्ठान होते हैं। विभिन्न सेवा प्रकल्पों का भी संचालन किया जाता है। भक्त यहां मनोकामना पूर्ति के लिए नींबू की माला माता को अर्पित करते हैं। यह माला 11, 21 और 51 नींबू की होती है। विशेष अवसर पर माला की संख्या 400 से 500 तक पहुंच जाती है। इनका उपयोग फूल-पत्तियों के साथ खाद बनाने के लिए किया जाता है।

इस मंदिर का निर्माण 1940 में किया गया था। यहां माता की पांच फीट ऊंची चार भुजाधारी मूर्ति है। माता का सौम्य स्वरूप भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र है। उनके एक हाथ में खड्ग और दूसरे में नरमुंड है। यहां प्रतिदिन श्रद्धालु दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हैं। इसके अतिरिक्त परिसर में भगवान शिव, बालाजी और भैरव बाबा विराजित हैं। अन्नक्षेत्र से भक्तों के लिए भोजन प्रसादी का वितरण किया जाता है। महाआरती के बाद महाप्रसादी का वितरण

यहां चारों नवरात्र हर्षोल्लास से मनाई जाती है। इसमें दो प्रकट और दो गुप्त नवरात्र हैं। चैत्र नवरात्र में सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन आते हैं। हर दिन माता का मनोहारी शृंगार किया जा रहा है। 9 से 18 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शतचंडी महायज्ञ किया जाएगा।

महाआरती के बाद रात 9 बजे से महाप्रसादी का वितरण भी हो रहा है। भजन गायकों द्वारा महामाई की आराधना की जा रही है। यज्ञाचार्य योगेंद्र पाठक और योगी रामनाथ महाराज के सान्निध्य में यज्ञ किया जा रहा है। भंडारा 18 अप्रैल को शाम 6 बजे से होगा।

माता के कई स्वरूप हैं। हर स्वरूप भक्त के दुख-तकलीफ दूर कर सुख-समृद्धि और हर्ष प्रदान करता है। यहां माता का सौम्य स्वरूप विराजमान है। मां को अर्पित नींबू की माला प्राकृतिक खाद्य में एसिड का काम करती है। नगर निगम का वाहन इन माला को लेने के लिए विशेष तौर पर आता है। इसका उपयोग खाद बनाने में किया जा रहा है।

**- पुजारी राहुल यादव**

यहां वर्षों से शक्ति की उपासना के लिए आ रहा हूं। मंदिर परिसर में आकर तनाव मुक्ति का अनुभव होता है। माता के सामने दुर्गा सप्तशती के पाठ और यहां होने वाले कार्य में सहयोगी बनकर प्रसन्नता की अनुभूति होती है। यहां माता का मनोहारी शृंगार किया जाता है। उनका हर स्वरूप कल्याणकारी है।


**- सागर शर्मा**

## अनाज मंडी में अवकाश रहा लेकिन मंडी के बाहर हुई छुटपुट आवक के कारण कुछ हिंसों में प्राइवेट में कारोबार हुए



इंदौर। चेटीचंड पर बुधवार को छावनी अनाज मंडी में अवकाश रहा लेकिन मंडी के बाहर हुई छुटपुट आवक के कारण कुछ जिंसों में प्राइवेट में कारोबार हुए। त्योहारी की वजह से मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में पिछले कुछ दिनों से काबुली चने की आवक काफी घट गई है जबकि डिमांड लगातार बढ़ रही है।वैवाहिक सीजन के चलते काबुली चने में घरेलू मांग के साथ निर्यातकों की खरीदी भी अच्छी है जिससे बुधवार को प्राइवेट कारोबार में काबुली चने की कीमतों में तेजी रही। कटेनर में काबुली चना 100-200 रुपये प्रति क्विंटल तक ऊंचा बोला गया। पिछले साल की तेजी के चलते नीचे वाले भाव में चौतरफा स्टाकिस्ट लेवाली में आ गए हैं, जिससे टेंपरेरी बाजार और बढ़ सकते हैं।

## अगैती बोवनी वाली फसल की कटाई की तैयारी जोर-शोर से आरंभ



इंदौर । दक्षिण अमेरिकी देश अर्जेंटीना में सोयाबीन की अगैती बोवनी वाली फसल की कटाई की तैयारी जोर-शोर से आरंभ हो गई है। देश के अधिकांश भाग में मौसम साफ होने से किसानों को फसल काटने में सुविधा हो रही है। अर्जेंटीना में इस बार सोयाबीन के बोवनी क्षेत्र में बढ़ोत्तरी हुई और मौसम तथा वर्षा की हालत अनुकूल रहने से औसत उपज दर में सुधार आने के संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, विभिन्न एजेंसियों एवं संघों- संगठनों द्वारा अर्जेन्टीना में सोयाबीनके उत्पादन का अलग-अलग अनुमान लगाया जा रहा है, मगर सबका आंकड़ा 500 लाख टन या इससे ऊपर ही है। 2022-23 सीजन के दौरान अर्जेन्टीना में भयंकर सूखा पड़ने से सोयाबीन का उत्पादन लुढ़ककर 224 लाख टन पर सिमट गया था जो पिछले कई वर्षों का न्यूनतम स्तर था। उसके मुकाबले 2023-24 के वर्तमान सीजन के उत्पादन दोगुने से भी ज्यादा बढ़ने के आसार हैं।

अर्जेंटीना देशभर में सोयाबीन का तीसरा सबसे प्रमुख उत्पादक एवं निर्यातक देश है, जबकि सोया तेल एवं सोयामिल के निर्यात में प्रथम स्थान पर रहता है। भारत में परंपरागत रूप से सोया तेल का सर्वाधिक आयात अर्जेंटीना से ही होता है।

# जिले में निर्वाचन के दौरान विज्ञापन और समाचारों की निगरानी करेगा 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों का दल

## निगरानी के लिए तैनात अधिकारी-कर्मचारियों का दिया गया प्रशिक्षण

इंदौर। जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाले विज्ञापन और समाचारों की निगरानी के लिए 70 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों को तैनात किया गया है। निगरानी के लिए मीडिया मॉनिटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन (एमसीएमसी) प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इस प्रकोष्ठ में नियुक्त किए गए अधिकारी-कर्मचारियों को मंगलवार को एक दिन का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिये कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसकी महत्ता को देखते हुए यह कार्य पूर्ण गंभीरता के साथ किया जाये। कार्य में किसी भी तरह कि लापरवाही नहीं बरती जाये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी, एमसीएमसी के नोडल अधिकारी डॉ.आर.आर. पटेल मौजूद थे। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. आर.के. पांडे ने नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों तथा नियमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज संबंधी मामलों, प्रिंट मीडिया में प्रकाशित एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया चैनल में प्रसारित खबरों की 24 घंटे सतत् मॉनिटरिंग/रिकॉर्डिंग की व्यवस्था की गई है। न्यूज मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं पेड न्यूज के मामलों सहित अन्य सभी कार्यों के लिये अलग-अलग दल गठित कर उनके प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। इस प्रकोष्ठ में जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित विषय विशेषज्ञों की टीम लगायी गई है।

टीम में देवी अहिल्या विश्व विद्यालय के प्रोफेसरों, विभिन्न विभागों के इंजिनियरों, अन्य अधिकारी-कर्मचारियों, विशेषज्ञों सहित लगभग 70 लोगों की सेवाएं ली जा रही हैं। प्रकोष्ठ की टीमों द्वारा तीन पारियों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की खबरों की सतत् निगरानी की जायेगी। यह कार्य प्रतिदिन तीन पारियों में सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक और रात्रि 10 से अगले दिन सुबह 6 बजे तक निरन्तर किया जायेगा। समाचार पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित समाचारों एवं मीडिया रिपोर्ट्स की निगरानी एवं कतरनों के संधारण कार्य के लिए भी अलग टीम सुबह 6 से शाम 6 बजे तक कार्य करेगी।

# नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी एवं ग्रीवा कैंसर की पेप स्मीयर जाँच का शिविर 12 अप्रैल से

इंदौर। रार्बट नर्सिंग होम में 23वां निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी शिविर का आयोजन 12 अप्रैल से शुरू होगा। यह शिविर 14 अप्रैल तक चलेगा। शिविर का शुभारंभ सुबह साढ़े 9 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह तथा उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री गिरीश मतलानी भी उपस्थित रहेंगे।

बताया गया कि यह शिविर सहायता संस्था के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विशेष रूप से सिर्फ गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के ही ऑपरेशन किये जायेंगे। जन्मजात शारीरिक विकारों (कटे होंठ, तालू) एवं किसी दुर्घटना के बाद छूटे निशानों एवं जलने के कारण आयी विकृति के ऑपरेशन होंगे। इस शिविर में वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. प्रकाश छजलानी भी अपनी निःशुल्क सेवायें देंगे।

रॉबर्ट नर्सिंग होम के सेक्रेटरी एवं ट्रस्टी डॉ. वी. एस. यशलहा ने बताया कि इस शिविर हेतु अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर एवं मरीजों हेतु रहने की व्यवस्था निःशुल्क प्रदान की जायेगी। साथ ही मरीजों हेतु अन्य सारी व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस शिविर में सिर्फ कटे होंठ, तालू एवं कुछ ऑपरेशन योग्य जले हुए मरीजों के आपरेशन किये जायेंगे। ऑपरेशन हेतु मरीजों का चयन डॉ. प्रकाश छजलानी द्वारा स्वयं दिनांक 12 अप्रैल 2024 को प्रातः 08ः00 बजे से 09ः30 बजे तक रॉबर्ट नर्सिंग होम पर किया जायेगा। डॉ. यशलहा ने बताया कि इस शिविर में ग्रीवा कैंसर की जाँच ड्ढ क्क्ष स्मीयर द्वारा निःशुल्क की जायेगी।

# पद्मश्री डॉ. एन.एन. जैन राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 12 अप्रैल से

इंदौर। भारत में कानून के छात्रों को उनके मूटिंग कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने तथा उनमें बौद्धिक रूप से संवेदनशील वातावरण को प्रोत्साहित करने हेतु पीआईएमआर डिपार्टमेंट ऑफ़ लॉ द्वारा चौथी पद्मश्री डॉ. एन.एन. जैन राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक किया जा रहा है। इस वर्ष के प्रतियोगिता का विषय है कॉन्सटीट्यूशन लॉ ।

स्कूल ऑफ लॉ, औकलोहामा सिटी यूनिवर्सिटी, यूएसए के डीन, मेयॉर. डेविड होल्ट राष्ट्रिय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे वहीं मेन्डर्स स्कूल ऑफ बिजनेस, औकलोहामा सिटी यूनिवर्सिटी के बेल्डोना तथा इंदौर मेयर पुष्यमित्र भार्गव उद्घाटन सत्र के विशेष अतिथि होंगे। मनोज कुमार श्रीवास्तव, एडिशनल कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, इंदौर (हेड क्वार्टर एवम् क्राइम) मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन समारोह के अतिथि होंगे। डिपार्टमेंट ऑफ़ लॉ, प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ. राजा रॉय चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस राष्ट्रिय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में इंदौर, मध्य प्रदेश सहित देश भर से 54 प्रतिष्ठित लॉ कालेज की टीमें भाग लेंगी।



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# आंगनबाड़ियों में मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने का दिया संदेश

उज्जैन। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत उज्जैन संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान किया जाएगा। जिले के समस्त मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह के दिशा दर्शन में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में उज्जैन ग्रामीण परियोजना के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सहायक नोडल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री सिद्दीकी ने बताया कि आंगनबाड़ियों में आयोजित मेहंदी



प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे के हाथों पर निर्वाचन जागरूकता संबंधी मेंहदी बनाई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतियोगिताओं में सक्रिय भूमिका निभाते हुए मतदाताओं को निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

### *पूर्व प्रमाणित राजनैतिक विज्ञापन ही हो सकेंगे प्रकाशित*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण में चौथे चरण में 13 मई को 21-उज्जैन संसदीय क्षेत्र शामिल है जिसमें मतदान होगा। श्री राजन ने बताया कि मतदान के दिन और मतदान के एक दिन पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणित कराना होगा। एमसीएमसी कमेटी से पूर्व प्रमाणित विज्ञापन ही प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रिंट मीडिया में मतदान की तिथि व मतदान से पूर्व दिवस पर प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों के लिये विशेष व्यवस्था दी गई है।

नियमानुसार प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए विज्ञापनों को पूर्व प्रमाणन के लिए राजनैतिक दल/आवेदकों को मतदान के दिन और मतदान से पूर्व दिवस पर विज्ञापन के प्रकाशित होने की प्रस्तावित तिथि से दो दिन पहले जिला/राज्यस्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) को आवेदन देकर पूर्व प्रमाणन कराना होगा। पूर्व प्रमाणन के पश्चात ही समाचार पत्रों में ऐसे प्रचार विज्ञापन प्रकाशित किये जा सकेंगे।

# भगवान झूलेलाल के जन्मदिवस पर उमड़ा सिंधी समाज

## मुंबई से आई सिंधी गायिका पिंकी के गीतों पर झूमा पूरा समाज



उज्जैन। दुनिया की सबसे भव्य एवं विशाल भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष हुई रंगारंग आतिशबाजी

भगवान झूलेलाल के जन्मदिवस पर दुनिया की सबसे भव्य एवं विशाल भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष चेटीचंड महापर्व पर सिंधी समाज उमड़ पड़ा। आतिशबाजी के साथ हुई संगीत संध्या में मुंबई से आयी सिंधी गायिका पिंकी मेहदासानी के गीतों पर पूरा समाज झूम उठा।

कार्यक्रम संयोजक महेश सीतलानी ने बताया कि झूलेलाल गार्डन सतराम सिंधी कॉलोनी में भगवान झूलेलाल की महाआरती की गई। पूरा उद्यान फूलों से अद्भुत विद्युत सज्जा के साथ सजाया गया। झूलेलाल गार्डन में आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ ही भव्य फ्लावर डेकोरेशन के साथ शानदार सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने सेल्फी ली। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से संत आत्मदासजी, रूप पमनानी, मुकेश जेठवानी, दीपक बेलानी, रमेश गजरानी, दीपक वाधवानी, महेश गंगवानी, रमेश समधानी, प्रदीप रजानी आदि मौजूद थे।

# सिंहपुरी में गणगौर को पूजन के साथ दी विदाई



उज्जैन। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सिंहपुरी में गणगौर उत्सव मनाया गया।

सोना चौरसिया ने बताया कि 16 दिनों तक गणगौर का पूजन कर 11 अप्रैल को गणगौर को विदाई दी। पूजन में डॉ. रश्मि जैन, संगीता चौरसिया सहित चौरसिया समाज के साथ सिंहपुरी की ब्राह्मण समाज की महिलाएं मौजूद रहीं।

# अंकितग्राम सेवाधाम के बोहरा-मुस्लिम समुदाय के भाई बहनों ने मनाया ईद पर्व



उज्जैन।'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम, उज्जैन में 850 + सदस्यों वाले वृहद परिवार में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बोहरा सहित लगभग सभी धर्मो और संप्रदाय के लोग एक साथ निवासरत है, जो अपने आप में ही सांप्रदायिक सोहार्द की एक मिसाल है, आज आश्रम में सांप्रदायिक सौहार्द देखने को मिला एक ओर जहां नवरात्रि की तृतीया पर पूजन अर्चन हुआ वहीं दूसरी ओर आश्रम के बोहरा-मुस्लिम समाज के भाई बहनों और बुजुर्गो ने एक साथ ईद पर्व की खुशियाँ बांटी व अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई, श्रीमती कांता भाभी ने ईद की मुबारक देकर शिर खुरमे, मिठाई, फल, आदि स्वादिष्ट व्यंजनों से मुहँ मीठा कराकर भोजन खिलाया। ईद के अवसर पर सुधीर भाई ने समस्त बोहरा-मुस्लिम सम्प्रदाय को ईद पर्व की शुभकामनाएँ दी।

# लोक सेवा आयोग में नियुक्ति पर डॉ. गुप्ता का स्वागत



उ ज ज ै न। उज्जैन के प्रोफेसर डॉ. वी.के. गुप्ता के मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग में परीक्षा नियंत्रक मनोनीत होने पर संस्था सरल काव्यांजलि द्वारा स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के नितिन पोल ने बताया कि इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ. संजय नागर, सन्तोष सुपेकर (महासचिव), डॉ. वंदना गुप्ता, राजेंद्र देवधरे दर्पण', मानसिंह शरद (सचिव), प्रदीप सरल, वी.एस. गहलोत साकित उज्जैनी', डॉ. रफीक नागौरी, डॉ. नेत्रा रावणकर, डॉ. मोहन बैरागी, महेंद्रसिंह भदौरिया, सुगनचन्द्र जैन, रामचन्द्र धर्मदासानी, नीरज मंडलोई (जिला विधिक अधिकारी) उपस्थित थे।

# वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर डगरवाड़ी से ज्योत लेकर रामघाट पर की विसर्जित



उज्जैन। सिंधी समाज के इष्ट देवता भगवान झूलेलाल के प्रकट उत्सव पर प्रातः 9 बजे भगवान झूलेलाल अखंड ज्योति मंदिर डगरवाड़ी मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया। वहीं शाम को वरुण देव अखंड ज्योति मंदिर डगरवाड़ी से ज्योत लेकर रामघाट पर विसर्जित की।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मंदिर अध्यक्ष मोहनलाल वासवानी, महासचिव चंदीराम जेठवानी के नेतृत्व में 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक महाप्रसादी के कार्यक्रम के साथ शाम 4 बजे भगवान झूलेलाल की ज्योत प्रज्वलित कर बहराना साहेब, भजन कीर्तन एवं सिंधी छेज के साथ सभी महिला पुरुष डांडिया रास करते हुए चले। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव थी। शाम 6 बजे समारोह जिसमें ज्योत साहब, डीजे बैंड एवं सैकड़ो की संख्या महिला पुरुष नाचते गाते हुए मंदिर से खजूर वाली मस्जिद नवनिर्मित मंदिर, गीता कॉलोनी मंदिर, निकास चौराहा, तेलीवाड़ा चौराहा, कंठाल, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, ढाबा रोड, दानी गेट होते हुए रामघाट पर पहुंचा। जगह-जगह पर समाजजनों ने मंच लगाकर स्वागत किया एवं प्रसाद वितरण किया। रामघाट पर 501 दीपक लगाकर एवं ज्योत की आरती उतार कर भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर जय किशन राजवानी, हरीश आडवाणी, पवन खुबाणी, जय किशन तेजवानी, टीकमदास ज्ञानचंदानी, चेतन वासवानी, हेमंत मूलवानी, दीपक वासवानी, किशन तेजवानी, राजकुमार सोनवानी, वर्षा आडवाणी, सोनिया नाथनी, चांदनी तोलानी, विनोद रामवाणी, प्रकाश सुखवानी, मोनू वासवानी, राजेश नाथनी, गोपाल राचवानी, किशन देवनानी, राधिका दादावानी सहित सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष कार्यक्रम की शोभा बढ़ा रहे थे।

# सद्भावना सांस्कृतिक मंच द्वारा ईदगाह पर शहर काजी का स्वागत



उज्जैन। एकता एवं भाइचारे का प्रतीक ईद का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। ईद के मौके पर ईदगाह पर शहर काजी खलीकुर्रहमान का सद्भावना सांस्कृतिक मंच द्वारा अध्यक्ष शहजाद खान के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस मौके पर मंच के सदस्य भी मौजूद थे।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com